प्राथमिकता/महत्वपूर्ण

संख्या-60/2017/1693/33-3-2017-21/2015 टी.सी.

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,

अपर मुख्य सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

2- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

पंचायतीराज अनुभाग-**3** लखनऊ दिनांक: **04** अगस्त, **2017**

विषय: मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आपके साथ दिनांक **31.07.2017** को की गयी समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा आपके साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिनांक **31.07.2017** को समीक्षा की गयी थी जिसमें निम्नलिखित निर्देश दिए गए थे:-

1. जिलाधिकारी, इलाहाबाद, उन्नाव, बदांयू **15** अगस्त **2017**, गोरखपुर, गाजीपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, शाहजहांपुर, बहराइच, कानपुर देहात, आजमगढ़, महराजगंज एवं बाराबंकी **01** सितम्बर, **2017**, बलिया, हरदोई, फतेहपुर, संतरविदास नगर (भदोही) **15** सितम्बर **2017**, बुलन्दशहर **22** सितम्बर, **2017**, कुशीनगर **28** सितम्बर **2017** तक अर्धशासकीय पत्र के माध्यम से निर्धारित समय-सीमा में ओ0डी0एफ0 बनाने हेतु व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के दैनिक लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त प्रगति से अवगत कराने के साथ-साथ आवश्यकतानुसार जनपद के दैनिक लक्ष्यों को संशोधित कर इसके ससमय पूर्ति हेतु रणनीति बनाते हुए मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन एवं राज्य स्वच्छता मिशन (ग्रामीण) कार्यालय को अवगत करायेंगें।

2. यह भी निर्देश दिए गए थे कि मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में प्रत्येक माह की **10** तारीख को, यदि अन्यथा सूचित न किया जाये तो, प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्तों की

http://shasnadeshup.nic.in

एक बैठक लखनऊ में आयोजित की जायेगी। बैठक के पूर्व समस्त मण्डलायुक्तों द्वारा प्रत्येक माह की **05** तारीख तक अपने मण्डल के समस्त जिलाधिकारियों के साथ स्वच्छ भारत मिशन **(**ग्रामीण**)** की समीक्षा करते हुए दिनांक **31.07.2017** की वीडियो कांफ्रेंसिंग हेतु जनपदों को उपलब्ध करायी गयी बुकलेट के समस्त **10** बिन्दुओं के आधार पर अद्यतन प्रगति की समीक्षा की जायेगी एवं राज्य स्तर पर मुख्य सचिव, उ**0**प्र**0** शासन की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में अद्यतन प्रगति से अवगत कराया जायेगा।

उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करनें का कष्ट करें।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी **)**
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक**:-** तदैव।

प्रतिलिपि**-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, मा**0** मुख्यमंत्री जी, उ**0**प्र**0** ।
2. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ**0**प्र**0** शासन।
3. निदेशक, पंचायतीराज**/**मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन **(**ग्रामीण**)** उ**0**प्र**0**।
4. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ**0**प्र**0**।
5. समस्त मण्डलीय उप निदेशक**(**पं**0)**, उ**0**प्र**0**।
6. समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ**0**प्र**0**।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जोगेन्द्र प्रसाद **)**
उप सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in